Social Justice Union (Govt. Registered)

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार, 07 मार्च 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 159

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों के हित में की बड़ी घोषणा

- -किसान खाद-बीज की भांति समितियों और गौठानों से वर्मी कम्पोस्ट का कर सकेंगे अग्रिम उठाव
- -गोबर खरीदी में स्वयं की पूंजी का निवेश करने लगे गौठान
- -स्वावलंबी गौठानों ने खरीदा 12.60 करोड़ रुपए का गोबर
- -मुख्यमंत्री ने गोबर विक्रेताओं, गौठान समिति और महिला समूहों को 5.38 करोड़ रुपए की राशि जारी की
- -झारखंड ने छत्तीसगढ़ की गोधन योजना को जस-का-तस अपनाया, बजट में किया शामिल

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शाम अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम के दौरान राज्य के किसानों के हित में एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसान खाद-बीज के अग्रिम उठाव की तरह सोसायटियों और गौठानों से वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट का भी अग्रिम उठाव कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूहों को उनकी गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए एंडवास राशि उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर बेचने वाले पशुपालक ग्रामीणों सहित गौठान समितियों तथा महिला स्व-सहायता समूहों को कुल 5 करोड़ 38 लाख रुपये की राशि का ऑनलाइन अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव की बात है कि हमारी गोधन न्याय योजना को झारखंड राज्य में जस-का-तस अपने राज्य में लागू करने का निर्णय



लेते हुए इसे अपने बजट में शामिल किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे गौठान और गोधन न्याय योजना की सफलता अब किसी से छुपी नहीं रह गई है। मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि आज राज्य के 2800 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं, जो राज्य में निर्मित एवं संचालित गौठनों की संख्या का एक तिहाई से भी अधिक है। यह स्वावलंबी गौठान अब गोधन न्याय योजना के अंतर्गत स्वयं की राशि से गोबर खरीदी और गौठान की व्यवस्था स्वयं संभालने लगे हैं। यह खुशी की बात है कि स्वावलंबी गौठान अब पशुपालक ग्रामीणों से गोबर खरीदी में स्वयं की पूंजी का निवेश करने लगे हैं। स्वावलंबी गोठनों ने 12 करोड़ 60 लाख रुपये का गोबर, स्वयं की राशि से खरीदा है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने स्वावलंबी गोठान समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन साल पहले हम लोगों ने नवा छत्तीसगढ़ गढऩे का संकल्प लिया था, अपने छत्तीसगढ़ को नयी पहचान दिलाने का संकल्प लिया था, अपनी छत्तीसगढ़-महतारी का मान बढ़ाने का संकल्प लिया था। आज तीन साल बाद मैं बहुत गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमारी सरकार ने अपने हर वादे की तरह इस संकल्प को भी पूरा कर दिखाया है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने किसानों, आदिवासियों, मजदूरों और शोषित-पीड़ित लोगों के लिए इन तीन वर्षों में जो कदम उठाए हैं, आज उनकी पूरे देश में चर्चा हो रही है। विपक्ष के लोग भी छत्तीसगढ़ की योजनाओं की तारीफ कर रहे हैं। दूसरे राज्यों में भी ऐसी ही योजनाएं लागू करने का वादा कर रहे हैं। अभी उत्तरप्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी जी ने वहां के लोगों से गोबर खरीदी की योजना शुरु करने का वादा किया। इससे पहले भी संसद में कृषि मामलों की स्थायी समिति गोधन न्याय योजना को पूरे देश में लागू करने की मांग कर चुकी है। नीति आयोग को भारत सरकार का थिंक-टैंक कहा जाता है। नीति आयोग ने परसों ही ट्वीट करके पूरे देश को बताया है कि बस्तर और दंतेवाड़ा की महिलाएं किस तरह महुआ-लड्डू, चाय, जैम, जेली और कुकीज जैसे खाद्य पदार्थ तैयार करके खुद को आर्थिक रूप से मजबूत कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित हो रहे हमारे गौठानों में भी तरह-तरह की चीजों का उत्पादन हमारी महिला बहनें कर रही हैं। इन वस्तुओं की ऑन लाइन मार्केटिंग की जा रही है। तीन साल पहले तक छत्तीसगढ़ को सिर्फ नक्सली उपद्रव के नाम पर लोग जानते थे, आज हमारे गांव की समृद्धि हमारे राज्य की पहचान है। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। दुनियाभर में महिलाएं सदियों से अपने अधिकारों से वंचित रही हैं। हर साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम उन्हें उनके अधिकार दिलाने का संकल्प लेते हैं। मैं बहुत गर्व से कह सकता हूं कि हमने माताओं-बहनों को उनके अधिकार दिलाने का केवल संकल्प ही नहीं लिया, उसे पूरा भी किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना से 02 लाख 8 हजार से ज्यादा लोगों को लाभ हो रहा है। इनमें 45 प्रतिशत महिलाएं हैं। राज्य में अभी तक 10 हजार 591 गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें से 8 हजार 48 गौठान निर्मित हो चुके हैं। शेष का निर्माण प्रगति पर है। पिछले एक महीने के भीतर ही हमने 301 गौठानों का निर्माण पूरा किया है। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत आज जैविक खाद के साथ-साथ बिजली, प्राकृतिक पेंट का भी उत्पादन किया जा रहा है। गौठानों में तेल मिल और दाल मिल लगाई जा रही है। आज यह योजना एक मिशन के रूप में संचालित की जा रही है। गोधन न्याय योजना में 15 फरवरी तक 64 लाख 92 हजार क्विंटल गोबर की खरीदी की जा चुकी थी।

## ज्यादा ड्यूटी से परेशान बीएसएफ जवान ने मेस में चला दी गोली... 5 की मौत, कई घायल

**अमृतसर (आरएनएस)।** अमृतसर में बीएसएफ की मेस में एक जवान ने फायरिंग कर दी। गोली चलाने वाले कांस्टेबल सहित सीमा सुरक्षा बलों (बीएसएफ) के पांच जवानों के मौत हो गई। घटना आज की है। घायल जवानों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल बीएसएफ के चार जवानों के शव अस्पताल पहुंच चुके हैं। घटना में कई अन्य लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। फायरिंग करने वाले जवान ने खुद को भी गोली मार ली थी। उसे गंभीर हालत में अस्पातल में भर्ती कराया गया था, जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा है कि कोर्ट ऑफ इंचयरी का आदेश दिया गया है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सभी घायलों को गुरु नानक देव अस्पातल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक गोली चलाने वाला शख्स बीएसएफ



का ही जवान है। आरोप है कि सुतप्पा से ज्यादा काम लिया जा रहा था।

बताया जा रहा है कि बीएसएफ के कॉन्स्टेबल सुतप्पा ने गोली चलाई है। वह महाराष्ट्र का रहने वाला है। ज्यादा ड्यूटी लगने की वजह से सुतप्पा बहुत परेशान था। इसको लेकर उसने एक अधिकारी से बहस भी कर ली थी। रविवार की सुबह उसने अपनी रायफल से फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने के बाद मेस में भगदड़ मच गई और कई लोग घायल हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर ही दो जवानों की मौत हो गई। बाकी को अस्पताल ले जाया गया।

गोलीबारी के बाद सुतप्पा ने खुद को भी गोली मार ली। मौके पर तुरंत बीएसएफ के अधिकारी पहुंचे। मृतकों के शवों को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घायलों के घरवालों को भी जानकारी दी गई है।

## श्रीनगर में ग्रेनेड हमले में एक की मौत, 21 जखमी

**जम्मू (आरएनएस)।** राजधानी शहर श्रीनगर के अमीराकदल में आतंकियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर ग्रेनेड हमला किया। ग्रेनेड फटने के कारण एक नागरिक की मौत हो गई तथा पुलिस कर्मी समेत 21 लोग घायल हो गए अचानक हुए विस्फोट के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे अन्य सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। आतंकियों की बड़े पैमाने पर तलाश की जा रही है। सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

अमीराकदल में सुरक्षाबलों की एक टुकड़ी नाके पर तैनात थी। इसी बीच उन पर ग्रेनेड हमला किया गया। निशाना चूकने



के कारण ग्रेनेड के दूसरी जगह जाकर फट गया। इसकी चपेट में 21 लोग आ गए। एक नागरिक की अस्पताल में मौत हो गई। बाकी सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है। इस बीच पूरे इलाके को घेरकर आतंकी को खोजा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सभी की हालत स्थिर है।

कल भी श्रीनगर के व्यस्त आलमगीर इलाके में संदिग्ध वस्तु मिलने की सूचना के बाद लोगों में अफरा-तफरी फैल गई थी। मौके पर पहुंचे सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए हाइवे पर वाहनों की आवाजाही को बंद कर दिया था। यह संदिग्ध वस्तु सडक़ के बीचों-बीच डिवाइडर पर रखी हुई थी। इलाका व्यस्त होने की वजह से सुरक्षाकर्मी कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते थे। उन्होंने तुरंत बम निष्क्रिय दस्ते को वहां बुला लिया। दस्ते में शामिल जवानों ने सुरक्षा को यकीनी बनाते हुए संदिग्ध वस्तु को वहां से हटाया और एक सुरक्षित जगह पर ले जाकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

## हंसा-एनजी ने पुद्दुचेरी में समुद्र स्तर का परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में बंगलुरु स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशालाओं द्वारा डिजाइन की गई तथा विकसित भारत के पहले स्वदेशी फ्लाइंग ट्रेनर हंसा-एनजी ने 19 फरवरी से 5 मार्च, 2022 तक पुद्दुचेरी में समुद्र स्तर परीक्षणों को सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है।



इस विमान को 155 किमी/घंटा की गति से डेढ़ घंटे में 140 समुद्री मील की दूरी तय करते हुए पुद्दुचेरी के लिए 19 फरवरी, 2022 को उड़ाया गया था। समुद्र स्तर के परीक्षणों का उद्देश्य हैंडलिंग गुणों, क्लाइंब/क्रूज प्रदर्शन, बाक्ड लैंडिंग, सकारात्मक और नकारात्मक जी सहित संरचनात्मक निष्पादन, बिजली संयंत्र तथा अन्य प्रणालियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना था। सीएसआईआर-एनएएल के सूत्रों ने बताया कि समुद्र स्तर के परीक्षणों के सभी उद्देश्यों को पूरा किया गया है और विमान को पुद्दुचेरी में 18 घंटे की उड़ान पूरी करने के बाद 5 मार्च, 2022 को वापस बंगलुरु भेज दिया गया है। विमान के पायलट एएसटीई के विंग कमांडर के.वी. प्रकाश तथा विंग कमांडर दिलीप रेड्डी थे। उड़ान की निगरानी सीएसआईआर-एनएएल डिजाइनरों तथा टेलीमेट्री से उड़ान परीक्षण निदेशक के रूप में विंग कमांडर रीजू चक्रवर्ती द्वारा की गई थी।

हंसा-एनजी जस्ट-इन-टाइम प्रीप्रेग (जे आ ई पी आ र ई जी) कम्पोजिट लाइट वेट एयरफ्रेम, ग्लास कॉकपिट, व्यापक पैनोरमिक व्यू के साथ बबल कैनोपी, इलेक्ट्रिकली ऑपरेटेड फ्लैप आदि जैसी अनूठी विशेषताओं के साथ रोटैक्स डिजिटल कंट्रोल इंजन द्वारा संचालित सबसे उन्नत फ्लाइंग ट्रेनर में से एक है। सीएसआईआर-एनएएल ने यह भी कहा कि हंसा-एनजी को भारतीय फ्लाइंग क्लब की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह कम लागत तथा कम ईंधन खपत के कारण वाणिज्यिक पायलट लाइसेंसिंग (सीपीएल) के लिए एक आदर्श विमान है। एनएएल को विभिन्न फ्लाइंग क्लबों से पहले ही 80 से अधिक एलओआई (आशय पत्र) प्राप्त हो चुके हैं।

सीएसआईआर-एनएएल के निदेशक ने कहा कि कुल 37 उड़ानें और 50 घंटे की उड़ान पूरी हो गई है और डीजीसीए द्वारा टाइप सर्टिफिकेशन प्राप्त करने से पहले कुछ और उड़ानें संचालित की जाएंगी। टाइप सर्टिफिकेशन अप्रैल, 2022 तक पूरा होने की संभावना है और उसके बाद सार्वजनिक / निजी उद्योग के साथ विनिर्माण की पहल की जाएगा जो आत्मनिर्भर भारत के तहत एयरोस्पेस इको सिस्टम को बढ़ाएगा।

सीएसआईआर के महानिदेशक डॉ. शेखर सी मांडे ने टीम को बधाई देते हुए इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को अर्जित करने के लिए सीएसआईआर-एनएएल, एएसटीई, डीजीसीए तथा एचएएल की समेकित टीम द्वारा किए गए सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की है।

## अफगानिस्तान को 2000 टन गेहूं भेजेगा भारत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय गेहूं की गुणवत्ता की अफगानिस्तान द्वारा तारीफ किए जाने का जिक्र करते हुए भारत ने कहा कि इस युद्ध प्रभावित देश को मानवीय सहायता के तौर पर पाकिस्तान की सीमा के जरिए वह 4,000 टन गेहूं भेज चुका है। आठ मार्च को 2,000 टन अनाज की तीसरी खेप भेजी जाएगी।

भारत ने कहा कि भारत ने अफगानिस्तान को पाकिस्तान के स्थल मार्ग के माध्यम से 125 करोड़ रुपये मूल्य का कुल 50,000 टन गुणवत्तापूर्ण गेहूं पहुंचाने का संकल्प किया है। यह अनाज अफगानिस्तान के लोगों के बीच वितरण के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम को दिया जाएगा। खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने ट्वीट किया, मानवता सबसे ऊपर है। भारतीय किसानों को धन्यवाद कि भारत मानवीय सहायता के तौर पर गुणवत्तापूर्ण गेहूं अफगान में लोगों को आपूर्ति कर पाया है। भारत अपने मित्रों के साथ व्यवहार करना जानता है।

खाद्य सचिव सुधांशु पांडे ने बाद में डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा, अफगानिस्तान को भारत से बहुत अच्छी सहायता मिली है। गेहूं की पहली खेप 22 फरवरी को भेजी गई थी। मार्च के आखिर तक 10,000 टन अनाज भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि बाकी 40,000 अनाज 2000-2000 टन कर भेजा जाएगा।

# यूक्रेन से छत्तीसगढ़ के 188 छात्र-छात्राओं की सकुशल वापसी

- -मुख्यमंत्री के निर्देश पर इन छात्र-छात्राओं को वाहन, ठहरने, भोजन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी
- -गृह नगर जाने के लिए एयर टिकट कराकर उनके परिजनों को सकुशल सौंपा गया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा यूक्रेन संकट के दौरान छत्तीसगढ़ के नागरिकों की सहायता हेतु नई दिल्ली में सहायता केन्द्र बनाया गया है। इस केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 फरवरी से आज 6 मार्च को शाम 5 बजे तक छत्तीसगढ़ के 188 छात्र-छात्राओं की सुरक्षित वापसी हो चुकी है।



मुख्यमंत्री के निर्देश पर इन छात्र-छात्राओं को वाहन, ठहरने, भोजन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी, इसके साथ ही इन छात्र-छात्राओं को अपने गृह नगर जाने के लिए एयर टिकट कराकर उनके परिजनों को सकुशल सौंपा जा चुका है।

नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन के संयुक्त आवासीय आयुक्त संजय अवस्थी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नई दिल्ली में बनाये गए इस सहायता केन्द्र में 22 फरवरी 2022 से निरंतर दूरभाष पर यूक्रेन में फंसे छत्तीसगढ़ के 23 छात्र-छात्राओं और उनके 7 परिजन सहायता केन्द्र के सम्पर्क में हैं।

## यूक्रेन में अब भी फंसे भारतीयों से दूतावास ने ऑनलाइन आवेदन भरने को कहा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यूक्रेन में भारत के दूतावास ने युद्धग्रस्त देश में फंसे सभी भारतीयों से रविवार को, एक ऑनलाइन आवेदन पत्र तत्काल भरने को कहा। दूतावास ने ट्वीट किया, सभी भारतीय नागरिक जो अब भी यूक्रेन में फंसे हैं उनसे अनुरोध है कि वे संलग्न गूगल फॉर्म को तत्काल भरें। गूगल आवेदन पत्र में नाम, ईमेल, फोन नंबर, वर्तमान ठिकाना, पासपोर्ट का ब्यौरा, लिंग और उम्र का विवरण देने को कहा गया है। आवेदन में दूतावास ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों की वर्तमान स्थिति बताने को भी कहा है। आवेदन



में स्थलों की एक सूची दी गई है और उनमें से चयन का विकल्प दिया गया है। ऑनलाइन आवेदन में जिन स्थलों की सूची दी गई है वे इस प्रकार हैं- चेरकासी, चेर्निहिव, चेरनिवित्सी, निप्रोपेत्रोव्स्क, दोनेत्स्क, इवानो-फ्रांकिवस्क, खारकीव, खेर्सोन, खमेलनित्स्की, किरोवोग्राद, कीव, लुहांस्क, लवीव, मिकोलेव और ओडेसा। इसके अलावा पोलतावा, रिवने, सूमी, तेरनोपिल, विनित्स्या, वोलिन, जकरपत्या, जापोरोझ्या और झितोमीर को भी सूची में शामिल किया गया है। हंगरी में स्थित भारतीय दूतावास ने भी एक ट्वीट किया है। इसमें कहा गया, महत्वपूर्ण सूचना : भारतीय दूतावास ऑपरेशन गंगा के तहत अंतिम चरण की निकासी उड़ानों की आज शुरुआत कर रहा है। जो भी छात्र (दूतावास के अलावा) खुद से किये गए प्रबंध में रह रहे हैं, उन्हें बुडापेस्ट स्थित यूटी 90 रकोजी हंगरी सेंटर में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक पहुंचने का अनुरोध किया जाता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### पुड्डुचेरी में रॉक बीच पर स्थित मशहूर घाट ढहा

**पुड्डुचेरी (आरएनएस)।** केन्द्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी के रॉक बीच पर स्थित एक मशहूर घाट बंगाल की खाड़ी के ऊपर गहरे दबाव के चलते उठी तेज लहरों की वजह से आंशिक रूप से ढह गया। स्थानीय मछुआरों के अनुसार, शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात तेज लहरों के कारण कीब 12.45 बजे यह घाट ढहकर समुद्र में डूब गया। उन्होंने बताया कि यह पहले से ही जीर्ण-शीर्ण स्थिति में था, इसलिए यहां पर पर्यटकों को आने की अनुमति नहीं थी, हालांकि कभी-कभी फिल्मों की शूटिंग के लिए लोग वहां आते थे। ओडियन सलाई पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी है।

### शिवराज ने शुभांगी भगत को पुष्पांजलि अर्पित की

**इंदौर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत की माताजी शुभांगी भगत के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए। चौहान विशेष विमान से यहां पहुंचे और वे सीधे श्री सुहास के निवास पर पहुंचे। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित कर श्री सुहास भगत के परिजनों को सांत्वना दी। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और अन्य भाजपा नेता भी मौजूद थे। चौहान इसके बाद वापस भोपाल के लिए रवाना हो गए।

### पीएम मोदी ने पुणे मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन, टिकट खरीदने के बाद स्टूडेंट्स संग की यात्रा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पुणे मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने टिकट खरीदकर गरवारे कॉलेज से आनंद नगर तक मेट्रो में भी यात्रा भी की। इस दौरान वह मेट्रो में बैठे स्कूल के बच्चों से बातचीत करते नजर आए। पुणे मेट्रो रेल परियोजना पुणे शहर में आवाजाही के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करने का एक प्रयास है। कुल 32.2 किलोमीटर लंबी पुणे मेट्रो रेल परियोजना में से 12 किलोमीटर के हिस्से का उद्घाटन किया गया। मेट्रो परियोजना की आधारशिला मोदी ने 24 दिसंबर 2016 को रखी थी। पूरी मेट्रो परियोजना 11,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बन रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को ही पुणे महानगरपालिका परिसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा 1,850 किलोग्राम गनमेटल से बनी है और इसकी लंबाई लगभग 9.5 फुट है। पुणे के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना का भी उद्घाटन किया। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने पुणे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री आज शहर में और भी कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। मेयर मुरलीधर मोहोल ने कहा कि पुणे में मुला और मुथा नदियों के पुनर्विकास परियोजनाओं की नींव रखने के लिए मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं।

### नर्मदा नदी में नहाने गए चार युवकों की डूबने से मौत, 3 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद मिले शव

**नर्मदापुरम (आरएनएस)।** नर्मदापुरम में आज नर्मदा नदी में नहाने गए चार युवक डूब गए। गोताखोरों ने इन्हें मशक्कत के बाद इन्हें तलाश लिया। तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। सभी वर्धमान फैक्ट्री, बुधनी के रहने वाले बताए गए हैं। बताया जा रहा है कि नर्मदापुरम के पोस्ट ऑफिस घाट पर नर्मदा स्नान करने बुधनी से छह युवक पहुंचे थे। सभी की उम्र 18 साल बताई गई है। दो लोग किनारे पर बैठे रहे। चार युवक नर्मदा में नहाने उतर गए। गहराई में जाने से वे लापता हो गए। नगर पालिका का दल मौके पर पहुंच गया है। गोताखोरों को युवकों को तलाशने नर्मदा में उतारा गया। करीब तीन घंटे की तलाश के बाद चारों को निकाल लिया गया। उनके नाम प्रवीण कृष्णगोपाल राजपूत, विनय प्रहलाद बैरागी, आर्यन चतरुराम ठाकुर और पवी राजेश श्रेष्ठा बताए गए हैं। ऋतिक वेदप्रकाश शुक्ला और आकाश कुमार भी साथ गए थे, पर वे किनारे पर ही रहे। उन्होंने ही उनके डूबने की खबर पुलिस को दी थी।